8·10. $A = 0.40\, cm^2 = 0.40 \times 10^{-4}\, m^2$

$H = 4000\, A/m$, $\phi = 5 \times 10^{-5}\, Wb$

$B = ?$, $\chi = ?$, $I = ?$

Soln. $\phi = B \cdot A$ से

$B = \frac{\phi}{A} = \frac{5 \times 10^{-5}}{0.40 \times 10^{-4}}$

$B = \frac{5}{0.40} \times 10^{-1} \times 100$

$B = \frac{5}{4} = 1.25\, T$

$B = \mu_0 I + \mu_0 H$

$B = \mu_0 [I + H]$

$\frac{B}{\mu_0} = I + H$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

Date
Page

8.11 $V = 5 \times 1 \times 0.5 \, cm^3$

$V = 2.5 cm^3 = 2.5 \times 10^{-6} m^3$

$H = 10^4 A/m$, $m = 10 A \times m^2$

$B = ?$

Solu.

$\because B = \mu_0 I + \mu_0 H$

$B = \mu_0 [I + H]$

$B = \mu_0 [\frac{m}{V} + H]$

$B = 4\pi \times 10^{-7} \left[\frac{10}{2.5 \times 10^{-6}} + 10^4\right]$

$B = 4\pi \times 10^{-7} \left[\frac{1000 \times 10^4 + 10^4}{2.5}\right]$

$B = 4\pi \times 10^{-7} \times 10^4 \left[\frac{10000}{2.5} + 1\right]$

$B = 4\pi \times 10^{-3} [401]$

$B =$

* प्रति-चु० पदार्थों के गुण-

1. जब प्रति-चु० पदार्थों से बनी छड़ को किसी समा-चु० क्षेत्र में रखा जाता है तो यह चु० क्षेत्र के लम्बवत् हो जाती है।



ii) जब प्रति चु० पदार्थों को किसी पात्र में भरकर असमान चु० क्षेत्र में रखा जाता है तो ये सदैव अधिक तीव्रता वाले भाग से कम तीव्रता वाले भाग कि ओर विस्थापित होता है।



iii) जब प्रतिचु० पदार्थों को ∪ आकार कि नली में भरकर इसके किसी एक सिरे पर दृढ़ चुम्बक कि को रखा जाता है तो ये अधिक तीव्रता वाले भाग से कम तीव्रता वाले भाग कि ओर विस्थापित होते हैं।



iv) जब प्रतिचु० पदार्थ को किसी बाह्य चु० क्षेत्र में रखा जाता है तो इस पदार्थ में से कोई भी चु० क्षेत्र रेखा नही गुजरती है। अर्थात ये चु० क्षेत्र रेखाओ को प्रतिकर्षित करता है।



$B_0 > B$

$\because \mu_r = \frac{B}{B_0}$

अतः $\frac{B}{B_0}$

v) प्रतिचु० पदार्थो कि चु० प्रवृति का मान अल्प व ऋणात्मक होता है।

$\because \mu_r = 1 + \chi$ से

$\therefore \chi = \mu_r - 1$

$\because \mu_r < 1$

$\boxed{\chi = (-)ive}$

vi) प्रति चुं॰ पदार्थों कि चुं॰ प्रवृत्ति का मान ताप पर निर्भर नही करता। क्योकि जिन पदार्थों में प्रति चुम्बकत्व का गुण पाया जाता हैं उनमे कक्षीय गति होती हैं जिसके कारण इनकी चुं॰ प्रवृत्ति ताप पर निर्भर नही करती हैं।

प्रतिचुम्बकत्व कि व्याख्या -

1. प्रति चुं॰ पदार्थों को चुं॰ क्षैत्र कि अनुपास्थिती मे रखने पर -

प्रति चुम्बकत्व का गुण उन चुं॰ पदार्थों मे पाया जाता हैं जिनमे युग्मीत e^- उप॰ होते हैं जब ये युग्मित e^- गति करते हैं तो ये एक-दूसरे के विपरित दिशा में चक्रण करने लगते हैं। जिसके कारण इन इलेक्ट्रॉनो के परिणामी चुं॰ आघुर्ण का मान शुन्य प्राप्त हो जाता है। और इस कारण ये बाह्य चुं॰ क्षैत्र की अनुपास्थिती में कोई चुम्बकत्व का गुण प्रदर्शित नही कर पाते हैं।

परिणामी चुं॰ आघुर्ण



$$\vec{M}_{tot} = \vec{M} - \vec{M}$$
$$= 0$$

जब प्रति.चु. पदार्थों को बाह्य चु. क्षेत्र कि उप. में रखा जाता है तथा बाह्य चु. क्षेत्र इनके लम्बवत् होता है तो इस स्थिती में इन इलेक्ट्रॉनों पर (आवेशित कण पर) एक चु. बल कार्यरत होता है। एक e^- के लिए यह चु. बल अभिकेन्द्रीय बल कि दिशा में जबकि दुसरे e^- के लिए अभिकेन्द्रीय बल के विपरित दिशा में कार्यरत होता है जिस e^- के लिए यह अभिकेन्द्रीय बल कि दिशा में कार्यरत होता है, यह उसके वेग को बढा देता है जिसके कारण इसके चु. आघुर्ण का मान भी बढ जाता है। लेकिन जिस e^- के लिए यह अभिकेन्द्रीय बल के विपरित दिशा में होता है यो उसके वेग को घटा देता है जिसके कारण इसके परिणामी चु. आघुर्ण का मान भी घट जाता है और इस कारण इस स्थिती में परिणामी चु. आघुर्ण प्राप्त होता है जिसके कारण यह इस स्थिती में चुम्बकत्व के गुण को प्रदर्शित करते है।



परिणामी चु. आघुर्ण -

$$\vec{m}_{tot.} = (\vec{m}+\Delta\vec{m}) - (\vec{m}-\Delta\vec{m})$$

$$\vec{m}_{tot.} = \vec{m} + \Delta\vec{m} - \vec{m} + \Delta\vec{m}$$

$$\vec{M}_{tot.} = 2\Delta\vec{M}$$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

Date
Page

3.

Ans $A = 1 cm^2 = 1 \times 10^{-4} m^2$

$H = 200$ ओरस्टेड

$B = 3000 G, \mu = ?, \chi = ?$

Solu. $\mu = \frac{B}{H}$ से :

$\mu = \frac{3000}{200} = 15 \frac{T \times m}{Amp}$

$\because \mu_r = 1 + \chi$

$\chi = \mu_r - 1$

$\chi = \frac{\mu}{\mu_0} - 1$

$\chi = \frac{15}{4\pi \times 10^{-7}} - 1$

$\chi =$

4. $\mu = \left[\frac{0.4}{H} + 12 \times 10^{-4}\right]$

$B = 1 T, H = ?$

Solu. $\because \mu = \frac{B}{H}$

$\frac{B}{H} = \frac{0.4}{H} + 12 \times 10^{-4}$

$\frac{1}{H} - \frac{0.4}{H} = 12 \times 10^{-4}$

$\frac{1 - 0.4}{H} = 12 \times 10^{-4}$

$\frac{0.6}{H} = 12 \times 10^{-4}$

$H = \frac{0.6}{12 \times 10^{-4} \times 10}$

$H = \frac{1}{2} \times 10^{3}$

$H = 500 A/m$

A.Q.

5. $H = 2 \times 10^3 A/m$

$B = 8\pi T$

$\mu_r = ?$ से

$\because \mu = \frac{B}{H}$

$\mu = \frac{8\pi}{2 \times 10^3}$

$\mu = 4\pi \times 10^{-3} \frac{T \times m}{Amp}$

$\because \mu_r = \frac{\mu}{\mu_0}$

$\mu_r = \frac{4\pi \times 10^{-3}}{4\pi \times 10^{-7}}$

$\mu_r = 10^4$

Eg. Q.6 $V = 30 cm^3 = 30 \times 10^{-6} m^3$

$H = 5$ ओरस्टेड, $M = 6 A/m^2$

$B = ?$

Solu. $B = \mu_0 I + \mu_0 H$

$\because I_{rested} = 80\,A/m$

$B = \mu_0 [I + H]$

$B = \mu_0 \left[\frac{m}{V} + H\right]$

* अनुचु॰ पदार्थ-

वे पदार्थ जिन्हे बाह्य चु॰ क्षेत्र के प्रभाव में रखने पर ये सदैव कम तीव्रता वाले भाग से अधिक तीव्रता वाले भाग कि ओर अल्प विस्थापित होते हैं। अर्थात बाह्य चु॰ क्षेत्र से अल्प आकर्षण का अनुभव करते हैं उन्हे अनुचु॰ पदार्थ कहा जाता है।

Eg. सोडियम, K, Mg, Mn, Al, H_2, N_2, etc.

अनुचु॰ पदार्थों के गुण-

1 जब अनुचु॰ पदार्थों से बनी छड़ को किसी बाह्य चु॰ क्षेत्र में रखा जाता है। तो यह छड़ चु॰ क्षेत्र के अनुदिशा संरेखीत हो जाती हैं।



2 जब अनुचु॰ पदार्थों को किसी पात्र में भरकर असमान चु॰ क्षेत्र में रखा जाता है तो यह कम तीव्रता वाले भाग से अधिक तीव्रता वाले भाग कि ओर अल्प विस्थापित होते हैं।

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini



3. जब अनुचु. पदार्थों को किसी U आकार कि नली में भरकर रखा जाता है इसके किसी एक सिरे के समीप दृढ़ चुम्बक को लाया जाता है तो ये कम तीव्रता वाले भाग से अधिक तीव्रता वाले भाग कि ओर अधिक विस्थापित होते हैं।



4. जब अनुचु. पदार्थों को किसी बाह्य चु. क्षेत्र में रखा जाता है तो कुछ चु. क्षेत्र रेखायें अनुचुम्बकीय पदार्थ में से होकर गुजरती हैं अर्थात अनुचुम्बकीय पदार्थ बाह्य चु. क्षेत्र से अल्प आकर्षण का अनुभव करते हैं।



$B > B_0$

5. अनु. चु. पदार्थों की सापेक्षिक चु. पारगम्यता अधिक व धनात्मक होती है।

$$\mu_r = \frac{B}{B_0}$$

$\because B > B_0$

$$\boxed{\mu_r > 1}$$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

6. अनुचु॰ पदार्थों कि चु॰ प्रवृत्ति अल्प व धनात्मक होती है।

$\because \mu_r = 1 + \chi$ से

$\chi = \mu_r - 1$

$\because \mu_r > 1$

$\boxed{\chi = (+)ive}$

7. अनुचु॰ पदार्थों कि चु॰ प्रवृत्ति ताप के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

$$\boxed{\chi \propto \frac{1}{T}}$$

अनुचुम्बकत्व कि व्याख्या-

1. अनुचु॰ पदार्थों को चु॰ क्षेत्र कि अनुपस्थिती में रखने पर- अनुचुम्बकत्व का गुण उन चु॰ पदार्थों में॰ पाया जाता है जिनमे अयुग्मित e- उपस्थित होते हैं। अयुग्मित e- होने के कारण इन इलेक्ट्रोनो का का अपना एक चक्रण होता है। जिसके कारण इनका एक स्थायी चु॰ आघुर्ण होता है। जिसके कारण ये परमाण्वीय चुम्बक अर्थात् छड़ चुम्बक कि भाँति व्यवहार करने लगते हैं जब इन्हे चु॰ क्षेत्र कि अनुपस्थिती में रखा जाता है। तो इनके परमाण्विय चुम्बक अनियमित अभिविन्यासित होते हैं जिसके कारण इनके परिणामी चु॰ आघुर्ण का मान शुन्य हो जाता है अर्थात् इस स्थिती में यह किसी चुम्बकत्व के गुण को प्रदर्शित नही करते।



whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

Date
Page

2. अनुचु० पदार्थों को चु० क्षैत्र कि उपस्थिती में रखने पर - जब अनुचु० पदार्थों को चु० क्षैत्र कि उपस्थिती में रखा जाता है तो इनमे उपस्थित प्रत्येक परमाण्विय चुम्बक पर एक बलाघूर्ण कार्यरत होता है जो इन सभी परमाण्विय चुम्बको को चु० क्षैत्र कि दिशा में संरेखीत करने का प्रयास करता है जिसके कारण सभी परमाण्विय चुम्बक चु० क्षैत्र कि दिशा मे संरेखीत हो जाते हैं जिसके कारण इनमे परिणामी चु० आघुर्ण उत्पन्न हो जाता है और इस कारण इस स्थिती में ये चुम्बकत्व के गुण को प्रदर्शित करते हैं।

$\vec{B} \neq 0$



$\vec{m} \neq 0$

क्यूरी का नियम -
इस नियम के अनुसार अनुचु० पदार्थों कि चु० प्रवृत्ति ताप के व्युत्क्रमानुपाती होती है अर्थात

$$\chi \propto \frac{1}{T}$$

अनुचु० पदार्थों कि चुम्बकन तीव्रता इनके चु० क्षैत्र के समानुपाती होती है अर्थात

$$I \propto B \longrightarrow (1)$$

तथा चुम्बकन तीव्रता ताप के व्युत्क्रमानुपाती होती है अर्थात

$$I \propto \frac{1}{T} \longleftarrow (2)$$

समी. (1) व (2) से

$$I \propto \frac{B}{T}$$

$$I = \frac{CB}{T}$$

जहाँ C = क्यूरी नियतांक

$\because B = \mu_0 H$ से

$$I = \frac{C\mu_0 H}{T}$$

$$\frac{I}{H} = \frac{C\mu_0}{T}$$

$\because \frac{I}{H} = \chi$

$$\chi = \frac{C\mu_0}{T}$$

$$\boxed{\chi \propto \frac{1}{T}}$$

लौह चु० पदार्थ-

वे चु० पदार्थ जिन्हे असमान चु० क्षेत्र में रखने पर ये सदैव कम तीव्रता वाले भाग से अधिक तीव्रता वाले भाग कि ओर अधिक विस्थापित होते हैं। अर्थात बाह्य चु० क्षेत्र से तीव्र प्रतिकर्षण आकर्षण का अनुभव करते हैं उन्हे लौह चु० पदार्थ कहा जाताहै

Eg. Fe, Ni, Co, Cu, Gd, etc.

लौह चु० पदार्थो के गुण-

1. इन चु० पदार्थो को असमान चु० क्षेत्र में रखने पर ये सदैव बाह्य चु० क्षेत्र से सदैव तीव्र आकर्षण

का अनुभव करते हैं।

2. लौह चु॰ पदार्थों कि सापेक्षिक चु॰ पारगम्यता लगभग 10^3 कोटि कि होती हैं अर्थात $\mu_r >> 1$

3. लौह चु॰ पदार्थों कि चु॰ प्रवृत्ति अधिक व धनात्मक होती हैं

4. लौह चु॰ पदार्थों कि चु॰ प्रवृत्ति ताप पर निर्भर करती हैं तथा यह भी ताप के व्युत्क्रमानुपाती होती है।

Q.1. एक परिनालिका जिसमे प्रति एकांक लम्बाई में 500 फेरे हैं तथा इसमें 3 Amp कि धारा प्रवाहित हो रही हैं इसकी क्रोड को लौह से बनाया गया हैं जिसकी सापेक्षिक चु॰ पारगम्यता 5000 हैं तो इसके चुम्बकन क्षेत्र की तीव्रता तथा क्रोड़ के भीतर चु॰ क्षेत्र व चुम्बकन क्षेत्र का मान ज्ञात करो?

Q.2. एक टोरेइड जिसमे फेरो कि संख्या 3000 व आंतरिक व बाहरी त्रिज्या क्रमशः 11 व 12cm हैं यदि इसे 2.5 T के चु॰ क्षेत्र में रखकर 0.7Amp कि धारा प्रवाहित कि जाती हैं तो क्रोड़ के भीतर सापेक्षिक चु॰ पारगम्यता का मान ज्ञात करो?

Q.1. $n = 500$, $I = 3A$

$\mu_r = 5000$

$I = ?$, $H = ?$, $B = ?$

Solu. $B = \mu n I$ से

$B = \mu_0 \mu_r n I$

$B = 4\pi \times 10^{-7} \times 5000 \times 500 \times 3$

$B = 4\pi \times 10^{-2} \times 75$

$B = 300\pi \times 10^{-2}$

$B = 3\pi$ Tesla

$\because H = nI$ से

$H = 500 \times 3 = 1500$ A/m

$\because \chi = \frac{I}{H}$ से.

$I = \chi H$ से.

$I = 4999 \times 1500$

$I =$

Q.2. $N = 3000$

$r_1 = 11cm, r_2 = 12cm$

$B = 2.5T, I = 0.7A$

Solu. $r = \frac{r_1 + r_2}{2} = \frac{11+12}{2}$

$r = 11.5cm = 11.5 \times 10^{-2} cm$

सूत्र से.

$B = \mu_0 n I$

$B = \mu_0 \mu_r \frac{N}{2\pi r}$

$\mu_r = \frac{B \times 2\pi r}{\mu_0 \times N I}$

$\mu_r = \frac{2.5 \times 2 \times 3.14 \times 11.5 \times 10^{-2}}{2 \times 10^{-7} \times 3000 \times 0.7}$

$\mu_r = \frac{2.5 \times 11.5 \times 10^{-2}}{6 \times 0.7 \times 10^{-4}}$

$\mu_r =$

Q.9. $T_1 = 120K, \chi_1 = 0.60$

$T_2 = 27° + 273 = 300K$

$\chi_2 = ?$

Solu. $\chi \propto \frac{1}{T}$ से.

$\frac{\chi_1}{\chi_2} = \frac{T_2}{T_1}$

$\frac{0.60}{\chi_2} = \frac{300}{120}$

$\chi_2 = \frac{0.60 \times 120}{300}$

$\chi_2 = \frac{6}{25} = 0.24$

Q.10. $A = 4cm^2 = 4 \times 10^{-4} m^2$

$H = 10^3 A/m, \phi_B = 4 \times 10^{-4} Wb$

$\mu, \mu_r, \chi = ?$

Solu. $\phi_B = B.A$ से

$B = \frac{\phi_B}{A} = \frac{4 \times 10^{-4}}{4 \times 10^{-4}}$

$B = 1 Tesla$

$\because \mu = \frac{B}{H}$

$\mu = \frac{1}{10^3} = 10^{-3} \frac{T}{A} xm$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

$\because \mu_r = \frac{\mu}{\mu_0} = \frac{10^{-3}}{4\pi \times 10^{-7}}$

$\mu_r = \frac{10^{-3+7}}{4\pi}$

$\mu_r = \frac{10^{4}}{4\pi}$

μ_r

$\because \mu_r = 1 + \chi$

$\chi = \mu_r - 1$

$\chi =$

* लौह चुम्बकत्व कि व्याख्या -

1. लौह चु० पदार्थों को चु० क्षेत्र कि अनु० मे रखने पर - लौह चुम्बकत्व का गुण उन चु० पदार्थों मे पाया जाता है जिनके आंतरिक कोश अपुर्ण होते है। आंतरिक कोशों मे उपस्थित e- स्वयं के परमाणु के e-नो को विपरित चक्रण के लिए जबकि दुसरे परमाणु के e-नो को समान्तर चक्रण के लिए बाध्य करते हैं जिसके कारण इनके मध्य अन्योन्य क्रिया होने लगती है। जिसके कारण असंख्य मात्रा मे प्रभावित क्षेत्र उत्पन्न हो जाते हैं। जिन्हे जिनमे $10^{17} - 10^{21}$ तक परमाण्विय चुम्बक पाए जाते है जिन्हे डोमेन कहा जाता हैं। बाह्य चु० क्षेत्र कि अनु०

whatsapp (notes) - 8696608541 sbjstudy.com
om prakash saini

में इनका प्रत्येक डोमेन अनियमित अभिविन्यासित होता है जिसके कारण प्रत्येक डोमेन एक-दूसरे के प्रभाव को निरस्त कर देता है और इस कारण इनके परिणामी चु॰ आघुर्ण का मान शून्य प्राप्त होता है जिसके कारण यह इस स्थिती में कोई चुम्बकत्व का गुण प्रदर्शित नही कर पाते।



2. लौह चु॰ पदार्थो की चु॰ क्षेत्र की उपस्थिती में रखने पर- जब लौहचु॰ पदार्थो को चु॰ क्षेत्र के उपस्थिती में रखा जाता है तो इनमे निम्न दो प्रकार के क्रियाये सम्पन्न सम्पन होती है।

i) डोमेनो की परिसीमाओ के द्वारा विस्थापन - जब लौह चु॰ पदार्थो को दुर्बल चु॰ क्षेत्र में रखा जाता है तो इस स्थिती में वे डोमेन जो चु॰ क्षेत्र कि दिशा में संरेखीत होते है वे आकार में बढ जाते है तथा शेष सभी डोमेन आकार में घट जाते है। जिसके कारण इनमे परिणामी चु॰ आघुर्ण प्राप्त हो जाता है। तथा इस स्थिती में ये चुम्बकत्व के गुण को प्रदर्शित करने लगते है लेकिन यह प्रक्रिया उत्क्रमणीय होती है अर्थात बाह्य चु॰ क्षेत्र हटा लेने पर इनमे पुन:

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

चुम्बकत्व का गुण समाप्त हो जाता है।

$B \neq 0$, दुर्बल चु० क्षेत्र.



$\vec{m} \neq 0$

ii) डोमेनो के घूर्णन के द्वारा विस्थापन -

जब लौह चु० पदार्थो को प्रबल चु० क्षेत्र में रखा जाता है तो इनके प्रत्येक डोमेन पर एक बलाघूर्ण कार्यरत होता है जो इन डोमेनो को चु० क्षेत्र कि दिशा में संरेखीत करने का प्रयास करता है जिसके कारण ये सभी डोमेन चु० क्षेत्र कि दिशा में संरेखीत हो जाते हैं जिसके कारण इनमे परिणामी चु० आघुर्ण प्राप्त होता है। और इस कारण ये पार इस स्थिती मे चुम्बकत्व के गुण को प्रदर्शित करते हैं लेकिन ये प्रक्रिया अनुत्क्रमणीय होती है अर्थात बाह्य चु० क्षेत्र हटा लेने पर पुनः चुम्बकत्व का गुण समाप्त नही हो पाता।

$B \neq 0$ (प्रबल चु० क्षेत्र).



$\vec{m} \neq 0$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

* क्यूरी-वायस का नियम –
इस नियम के अनुसार लौह चु॰ पदार्थों कि चु॰ प्रवृति ताप पर निम्न प्रकार निर्भर करती है –

$$\chi = \frac{C}{T - T_C}$$

T_C = क्रांतिक ताप / संक्रमण ताप / क्युरी ताप

* क्युरीताप / संक्रमण ताप या क्रांतिक ताप –
जब लौह चु॰ पदार्थो के ताप मे वृद्धि कि जाती है तो वह ताप जिसपर लौह-चु॰ पदार्थ अनुचुम्बकीय पदार्थो कि भाँति व्यवहार करने लगते हैं उस ताप को ही क्रांतिक ताप / क्युरी ताप / संक्रमण ताप कहा जाता है।

Eg. लौह के लिए क्युरी ताप = 770°C 1043 K.
Co के लिए " " = 1394 K
Ni के लिए " " = 631 K
Gd के लिए " " = 317 K

Note:– अनु-चु॰ पदार्थो के लिए χ तथा T के मध्य सम्बन्ध ग्राफ –



* शैथिल्य वक्र –
किसी चु॰ पदार्थ के लिए चुम्बकन क्षैत्र ($\vec{H}$) तथा चुम्बकीय क्षैत्र या चु॰ प्रेरण ($\vec{B}$) के मध्य खींचा

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

गया आरेख ही चु॰ शैथिल्य वक्र कहलाता है।



a, d = चु॰ संतृप्त अवस्था

oc, of = निग्राही क्षेत्र (निग्राहीता)

ob, oc = अवशेष (धारणशीलता) चुम्बकत्व

जब किसी अचुम्बकीत छड़ पर किसी धारावाही कुण्डली को लपेटकर इसमे धारा प्रवाहित कि जाती है तो इस स्थिती में चुम्बकन क्षेत्र का मान बढने से चु॰ क्षेत्र के मान भी परिवर्तन होने लगता है. इनसे प्राप्त ग्राफ को ही BH वक्र या शैथिल्य वक्र कहा जाता है।

i) बिंदु o से बिंदु a तक चलने पर-

जब H के मान को धीरे-2 बढाया जाता है. तो इस स्थिती में B का मान भी बढने लगता है. लेकिन बिंदु a पर पहुँच कर B का मान अपने अधिकतम मान को प्राप्त कर लेता है इसके पश्चात् H के मान को बढाने पर भी B के मान पर कोई प्रभाव नही पड़ता इस अवस्था का चु॰ संतृप्त

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

अवस्था भी कहा जाता है।

ii) बिंदु a से बिंदु b तक चलने पर -
जब चुम्बकन क्षेत्र के मान में कमी कि जाती है तो इस स्थिती में धीरे - 2 b के मान में भी कमी होने लगती है। तथा बिंदु b पर पहुँचकर चुम्बकन क्षेत्र H का मान शून्य हो जाता है लेकिन इस स्थिती मे B का मान शून्य नही हो पाता अर्थात पदार्थ में कुछ चुम्बकत्व का गुण शेष रह जाता है जिसे अवशेष चुम्बकत्व कि धारणशीलता के नाम से जाना जाता है।

iii) बिंदु b से बिंदु c तक चलने पर -
धारावाही कुण्डली में धारा कि दिशा को उत्क्रमित करके ऋणात्मक H प्राप्त किया जाता है इसके पश्चात ऋणात्मक H को बढ़ने पर ऋनात्मक B का मान घटने लगता है तथा बिंदु c पर पहुँचकर B का मान शुन्य हो जाता है लेकिन H का मान शून्य नही हो पाता जिसके कारण इस क्षेत्र को निग्राही क्षेत्र तथा इस गुण को निग्राहीता कहा जाताहै।

iv) बिंदु c से बिंदु d तक चलने पर -
जब ऋणात्मक H के मान को और अधिक बढाया जाता है तो ऋणात्मक B का मान भी बढ़ने लगता है तथा बिंदु d तक पहुँचकर ऋणात्मक B अपने अधिकतम मान को प्राप्त कर लेता है इसके पश्चात ऋणात्मक

H को बढाने पर भी ऋणात्मक B पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता जिसके कारण यह चुं अवस्था चुं. संतृप्त अवस्था कहलाती है।

v) बिंदु d से e तक चलने पर–

इस स्थिती में जैसे-2 ऋणात्मक H को घटाया जाता है ऋणात्मक B का मान भी घटने लगता है तथा बिंदु e पर पहुँचकर H का मान शुन्य हो जाता है लेकिन B का मान शून्य नहीं हो पाता अर्थात पदार्थ में कुछ चुम्बकत्व का गुण शेष रह जाता है जिसे अवशेष चुम्बकत्व या धारणशीलता कहा जाता है।

vi) बिंदु e से बिंदु f तक चलने पर –

इस स्थिती में धारावाही कुण्डली में धारा कि दिशा को उत्क्रमित करके पुन: धनात्मक H प्राप्त किया जाता है तथा धनात्मक H को बढाने पर ऋणात्मक B का मान घटने लगता है तथा बिंदु f पर पहुँच कर B का मान शून्य हो जाता है लेकिन H का मान शून्य नहीं हो पाता इसे निग्राहिता क्षेत्र तथा इस गुण को निग्राहिता कहा जाता है।

vii) बिंदु f से बिंदु a तक चलने पर –

इस स्थिती में जैसे-2 धनात्मक H को बढाया जाता है वैसे-2 धनात्मक B का मान भी बढने लगता है तथा बिंदु a पर पहुँचकर धनात्मक B अपने अधिकतम मान को प्राप्त कर लेता है इसके पश्चात H के मान में परिवर्तन

करने से B के मान में कोई प्रभाव नही पड़ता इसे चु० संतृप्त चु० अवस्था कहा जाता है।

* शैथिल्य वक्र से संबंधित कुछ महत्वपुर्ण परिभाषाये-

1. चु० संतृप्त अवस्था-
शैथिल्य वक्र में वह बिंदु जिसके पश्चात H का मान बढ़ाने पर B के मान पर कोई प्रभाव नही पड़ता अर्थात B नियत रहता है। उसे चु० संतृप्त अवस्था कहा जाता है।

2. अवशेष चुम्बकत्व (धारणशीलता)-
शैथिल्य वक्र में वह क्षेत्र जिसमे H का मान शून्य प्राप्त होता है लेकिन B का मान शून्य प्राप्त नही होता अर्थात पदार्थ में कुछ चुम्बकत्व का गुण शेष रह जाता है इसे ही अवशेष चुम्बकत्व तथा इस गुण को धारणशीलता कहा जाता है।

3. निग्राही क्षेत्र (निग्राहीता)-
शैथिल्य वक्र में वह क्षेत्र जिसमे B का मान शून्य प्राप्त होता है लेकिन H का मान शून्य प्राप्त नही होता। उसे निग्राही क्षेत्र तथा चु० पदार्थो के इस गुण को निग्राहीता कहा जाता है।

4. शैथिल्य ऊर्जा हानि -
किसी चु० पदार्थ में चुम्बकन के लिए दि गई ऊर्जा इसके विचुम्बकन से प्राप्त ऊर्जा के

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

मान से अधिक होती है ऊर्जा में होने वाले इस अंतर को ही शैथिल्य ऊर्जा हानि के नाम से जाना जाता है इसका मान -

$$W = (B-H)^{\text{वक्र}} \text{ का क्षे०} \times n V t \quad —(1)$$

$\because W = JH$ से (जूल के तापन नियम से)

$$H = \frac{W}{J}$$

समी० (1) से

$$H = \frac{(B-H)^{\text{वक्र}} \text{ का क्षे०} \times n V t}{J}$$

जहाँ पर

n = प्रति ईकाई चक्कर , J = ऊष्मा का यांत्रिक तुल्यांक

V = प्रति एकांक आयतन

t = प्रति एकांक समय

* कच्चे लोहे (नर्म लोहा) तथा इस्पात के शैथिल्य वक्रो की तुलना -



इन वक्रो के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि कच्चे लोहे के अवशेष चुम्बकत्व का मान इस्पात कि तुलना मे अधिक होता है।

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

2. कच्चे लोहे कि निग्राहिता का मान इस्पात कि तुलना में कम होता है जिसके कारण कच्चे लोहे का निग्राही क्षेत्र भी कम होता है।

3. H के किसी निश्चित मान के लिए कच्चे लोहे के लिए B का मान अधिक होता है जिसके कारण $\mu = \frac{B}{H}$ होने से कच्चे लोहे कि चु० पारगम्यता भी इस्पात कि तुलना में अधिक होती है।

4. H के किसी निश्चित मान के लिए कच्चे लोहे के लिए B का मान अधिक होने से इसके लिए I का मान भी अधिक होता है तथा $\chi = \frac{I}{H}$ होने से कच्चे लोहे कि चु० प्रवृत्ति भी इस्पात कि तुलना में अधिक होती है।

5. इन वक्रो से स्पष्ट होता है कि इस्पात के B-H वक्र का क्षेत्रफल कच्चे लोहे कि तुलना मे अधिक होने के कारण इसकी शैथिल्य ऊर्जा हानि का मान भी बहुत अधिक होता है।

* स्थायी चुम्बक के निर्माण में शैथिल्य वक्रो का अध्ययन- स्थायी चुम्बक के निर्माण में ऐसे चु० पदार्थों का चयन किया जाता है जिनके लिए अवशेष चुम्बकत्व, निग्राहिता चुम्बकीय पारगम्यता तथा चु० प्रवृत्ति आदि भौतिक राशियों के मान अधिक हो। लेकिन कच्चे लोहे के लिए लगभग इन सभी भौतिक राशियों के मान अधिक होते हैं लेकिन फिर भी स्थायी चुम्बक के निर्माण मे इस्पात का उपयोग किया जाता है क्योंकि इस्पात कि निग्राहिता का

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

मान अधिक होता है तथा जिसकी निगृहिता जितनी अधिक होती है उसमें चुम्बकत्व का गुण उतने ही लम्बे समय तक विद्यमान रहता है इस कारण स्थायी चुम्बक के निर्माण में सदैव इस्पात का उपयोग किया जाता है।

Q.1. B-H. वक्र को शैथिल्य वक्र क्यों कहा जाता है।
Q.2. B-H. वक्र का ढाल किसे प्रदर्शित करता है।
Q.3. I-H. वक्र का ढाल किसे प्रदर्शित करता है।
Q.4. चु० टेप के निर्माण में किस प्रकार के चु० पदार्थों का उपयोग किया जाता है।
Q.5. ट्रांसफार्मर कि क्रोड के निर्माण मे सदैव कच्चे लोहे का उपयोग किया जाता हैं क्यों?
Q.6. क्या चुम्बक में एकल ध्रुव का अस्तित्व सम्भव है कारण सहित बताइए।
Q.7. Ni, Al, Sk के लिए चु० क्षेत्र रेखाये खिंचो?
Q.8. किसी लौह कि छड़ को 1000°c तक गर्म किया जाता हैं तथा फिर उसे ठण्डा किया जाता हैं तो इसके चुम्बकत्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

1. इस वक्र में चु० क्षेत्र B चुम्बकन क्षेत्र H के सदैव पीछे रहता है इस शिथिलता के कारण ही B-H. वक्र को शैथिल्य वक्र कहा जाता है।

2. B-H. वक्र का ढाल चुम्बकीय पारगम्यता ($\mu = \frac{B}{H}$) को प्रदर्शित करता है।

3. I-H वक्र का ढाल चुम्बकीय प्रवृत्ति ($\chi = \frac{I}{H}$) को प्रदर्शित करता है।

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

4. चु. टेप के निर्माण में ऐसे चु. पदार्थों का चयन किया जाता है जिनके अवशेष चुम्बकत्व का मान अधिक होता है क्योंकि अवशेष चुम्बकत्व का मान अधिक होने से इनपर संचित किया गया डाटा या सूचना लम्बे समय तक विद्यमान रहती है।

5. ट्रांसफॉर्मर की क्रोड के निर्माण में सदैव कच्चे लोहे का उपयोग किया जाता है क्योंकि कच्चे लोहे के B.H. वक्र का क्षेत्रफल कम होने के कारण इसकी शैथिल्य ऊर्जा हानि कम होती है जिसके कारण वि. ऊर्जा का व्यय भी कम होता है।

6. चुम्बक में एकल ध्रुव का अस्तित्व संभव नहीं होता है क्योंकि धारा प्रवाह के कारण चु. क्षेत्र उत्पन्न होता है तो ये सदैव बंद लूप का निर्माण करता है जिसके कारण एकल ध्रुव का अस्तित्व संभव नहीं हो पाता है।

7. (i) Ni=



(ii) Al=



(iii)



8.) इस स्थिती में लौह की छड़ में अनुचुम्बकत्व का गुण उत्पन्न हो जायेगा क्योंकि लौह के लिए क्युरी ताप का मान 770 °C होता है।

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

Date
Page

* स्थायी चुम्बक का निर्माण -
जब किसी परिनालिका के भीतर किसी इस्पात कि छड़ को रखकर इसमे धारा प्रवाहित किया जाती है तो इस्पात की छड़ मे चु॰ गुण उत्पन्न हो जाते है। इस प्रकार स्थायी चुम्बक का निर्माण होता है।

* विद्युत चुम्बक या अस्थायी चुम्बक के निर्माण में शैथिल्य वक्रो का अध्ययन -
वि॰ चुम्बक के निर्माण मे ऐसे चु॰ पदार्थो का चयन किया जाता है जिनके लिए अवशेष चुम्बकत्व, चुम्बकीय पारगम्यता, निग्राहिता, चु॰ प्रवृत्ति आदि सभी भौतिक राशियो के मान कम हो कच्चे लौहे के लिए इन सभी भौतिक राशियो के मान अधिक होते हैं लेकिन निग्राहिता का मान कम होता है इस कारण वि॰ चुम्बक के निर्माण मे सदैव कच्चे लौह का उपयोग किया जाता हैं क्योकि इसकी निग्राहिता कम होने से इसमे चुम्बकत्व का गुण भी कम समय के लिए विद्यमान रहता है।

वि॰ चुम्बक का निर्माण -
जब कि परिनालिका के भीतर किसी कच्चे लौह कि अथवा नर्म लौह कि छड़ को रखकर धारा प्रवाहित कि जाती है तो कच्चे लौह कि छड़ मे चु॰ गुण उत्पन्न हो जाते है इस प्रकार वि॰ चुम्बक का निर्माण होता है।

* चुम्बकत्व के लिए गाउस का नियम-

इस नियम के अनुसार चु॰ क्षेत्र में स्थित किसी बंद काल्पनिक पृष्ठ से निर्गत कुल चु॰ फ्लक्स का मान सदैव शून्य प्राप्त होता है।



$$\phi_B = \oint \vec{B} \cdot \vec{dS} = 0$$

Note:- 1. चुम्बक में एकल ध्रुव का अस्तित्व सम्भव नही होता इस कारण चु॰ क्षेत्र रेखाये सदैव बंद लूप का निर्माण करती है जिसके कारण इनके द्वारा निर्गत चु॰ फ्लक्स का मान सदैव शून्य प्राप्त होता है।

2. चुम्बक में एक ध्रुव से जितनी चु॰ क्षेत्र रेखाये बाहर निकलती है उतनी ही चु॰ क्षेत्र रेखाये दूसरे ध्रुव में प्रवेश भी करती है इस कारण भी कुल चु॰ फ्लक्स का मान सदैव शून्य प्राप्त होता है।

3. $\phi_B = \oint \vec{B} \cdot \vec{dS} = \mu_0 m + \mu_0 (-m)$

$= \mu_0 m - \mu_0 m$

$$\phi_B = \oint \vec{B} \cdot \vec{dS} = 0$$

4. यदि चुम्बक में एकल ध्रुव का अस्तित्व सम्भव होता तो चुम्बकत्व से संबंधित गाउस का नियम निम्न रूप ग्रहण करता।

$$\Phi_B = \oint \vec{B} \cdot \vec{ds} = \mu_0 m$$

* भू-चुम्बकत्व (पार्थिव चुम्बकत्व) -

जब किसी छड़ चुम्बक को किसी धागे से बांधकर स्वतंत्रता पुर्वक लटकाया जाता है तो यह सदैव उत्तर से दक्षिण दिशा में ही ठहरती है। अतः इससे स्पष्ट होता है कि पृथ्वी में भी दो चुम्बकीय ध्रुव पाए जाते हैं। जिसके कारण ये छड़ चुम्बक के विपरित ध्रुवों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं और इस कारण पृथ्वी भी चुम्बक की भाँति व्यवहार करने लगती है। पृथ्वी के इस गुण को ही भू-चुम्बकत्व या पार्थिव चुम्बकत्व के नाम से इसे जाना जाता है।

* भू-चुम्बकत्व या पार्थिव चुम्बकत्व कि व्याख्या-



Vsg

जब किसी चु॰ सुई को किसी धागे से बाँधकर उर्ध्वाधार तल में स्वतंत्रता पुर्वक लटकाकर घुमाया जाता है तो इस स्थिती में चु॰ सुई किन्ही दो स्थानो पर पुर्णत: क्षैतिज जबकि किन्ही दो स्थानो पर पुर्णत: उर्ध्वाधर होती है। जिन दो स्थानो पर ये चु॰ सुई पुर्णत: क्षैतिज होती है उन्हे चु॰ विषवत रेखा कहा जाता है। तथा जिन दो स्थानो पर ये चु॰ सुई पुर्णत: उर्ध्वाधर होती है उन स्थानो को चु॰ ध्रुव के नाम से जाना जाता है। इस स्थिती में चु॰ अक्ष तथा भौगोलिक अक्ष एक-दुसरे के सम्पाती नही होते इनके मध्य ~~11.3°~~ 11.3° का कोण पाया जाता है।

इस स्थिती में पृथ्वी रुपी छड़ चुम्बक का उत्तरी ध्रुव 79.74° N-अक्षांश तथा 71.8° W-देशान्तर पर पाया जाता है ये स्थान पृथ्वी पर उत्तरी कनाडा में है। जबकि पृथ्वी का दक्षिणी ध्रुव 79.74° S-अक्षांश व 108.22° E जैसा पुर्वी देशान्तर पर पाया जाता है। ये स्थान पृथ्वी पर अंटार्कटिका में है।

* भु-चुम्बकत्व उत्पन्न होने के ~~संभावित~~ संभावित कारण-

1. पृथ्वी के क्रोड में द्रवीत अवस्था में आयनित पदार्थ भरे होते है तथा पृथ्वी के क्रोड कि त्रिज्या लगभग 3500 Km होती है। जब पृथ्वी घुर्णन गति करती है तो पृथ्वी के क्रोड के समीप वाली परते तेजी से गति करने लगती है जबकि दूर स्थित परते धीरे-2 घुर्णन गति करने लगती

है जिसके कारण क्रोड में उपस्थित द्रवित आयनित पदार्थ भी घुर्णन गति करने लगता है जिसके कारण प्रबल धारायें उत्पन्न होती हैं और पृथ्वी में चुम्बकत्व का गुण उत्पन्न हो जाता है।

2. सुर्य से आने वाली उच्च ऊर्जा कि प्रकाश कि किरणे जैसे - x - किरणे कॉस्मिक किरणे आदि वायुमण्डल में उपस्थित आवेशित कणो को आयनित कर देती हैं। अर्थात वायु के कणो को आयनित कर देती हैं। इस स्थिती मे जब ये आयनित कण वायुमण्डल में गति करने लगते हैं तो इनके कारण प्रबल धारायें उत्पन्न होती हैं। जिससे पृथ्वी मे भू - चुम्बकत्व का गुण उत्पन्न हो जाता है।

3. पृथ्वी के घुर्णन के कारण पृथ्वी पर स्थिती लगभग सभी आवेशित वस्तुये भी घुर्णन गति करने लगती हैं जिसके कारण इनके घुर्णन से प्रबल धारायें उत्पन्न होती हैं। और इस कारण पृथ्वी मे भू- चुम्बकत्व का गुण उत्पन्न हो जाता है।

* भू- चुम्बकत्व के अव्यव अथवा घटक -

पृथ्वी के किसी भी स्थान पर पृथ्वी के चु० क्षेत्र को समझने के लिए निम्न अवयवों कि आवश्यकता होती हैं इन्हे ही भू - चुम्बकत्व के अव्यव या घटक कहा जाता हैं। जो कि निम्न हैं।

1. दिक्पात कोण
2. नति कोण / नमन कोण / आनत कोण

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

3- पृथ्वी के चु. क्षेत्र का क्षैतिज घटक

1. दिकपात कोण -

भौगोलिक याम्योत्तर -
पृथ्वी के भौगोलिक अक्ष के उर्ध्वाधर स्थित तल को भौगोलिक याम्योत्तर कहा जाता है।

=> " भौगोलिक याम्योत्तर तथा चु. याम्योत्तर के मध्य बने कोण को ही **दिकपात कोण** कहा जाता है।

Note:- 1. दिकपात कोण का मान भिन्न - 2 स्थानो पर भिन्न - 2 होता है। दिल्ली में दिकपांत कोण का मान 0°41' E होता है जबकि मुंबई में 0°58' W होता है।

2. समान दिकपात कोण वाले स्थानों को मिलाने वाली सीधी सरल रेखा को समदिकपाती रेखा कहा जाता है तथा शून्य दिकपांत कोण वाले स्थानों को मिलाने वाली सीधी सरल रेखा को शून्य दिकपाती रेखा कहा जाता है।

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

2 नति कोण /नमन कोण / आनत कोण –
पृथ्वी के परिणामी चु॰ क्षेत्र कि तीव्रता कि दिशा तथा पृथ्वी के चु॰ क्षेत्र के क्षैतिज घटक के मध्य बनने वाले कोण को ही नतिकोण / नमनकोण /आनत कोण कहा जाता है।



Note:– नति कोण का मान पृथ्वी के निरक्ष पर शून्य होता है जबकि ध्रुवों पर नतिकोण का मान 90° होता है

3. पृथ्वी के चु॰ क्षेत्र का क्षैतिज घटक –
पृथ्वी के चु॰ क्षेत्र के क्षैतिज दिशा मे कार्यरत चु॰ क्षेत्र के घटक कोही पृथ्वी के चु॰ क्षेत्र का क्षैतिज घटक कहा जाता है।

क्षैतिज घटक –

$$B_H = B\cos\theta \quad \text{——} (1)$$

उर्ध्वाधर घटक –

$$B_V = B\sin\theta \quad \text{——} (2)$$

समी॰ (1) व (2) का वर्ग करके जोड़ने पर –

$$B_H^2 + B_V^2 = B^2\cos^2\theta + B^2\sin^2\theta$$

$$B_H^2 + B_V^2 = B^2(\sin^2\theta + \cos^2\theta)$$

$$B^2 = B_H^2 + B_V^2$$

$$\boxed{B = \sqrt{B_H^2 + B_V^2}}$$

Nand
Date
Page

* भु-चुम्बकत्व के अव्यव में होने वाले परिवर्तन-
भु-चुम्बकत्व के अव्यव में समय के अनुसार निम्न प्रकार के परिवर्तन होते हैं

1. दीर्घ कालिक परिवर्तन
2. वार्षिक परिवर्तन
3. मासिक परिवर्तन
4. दैनिक परिवर्तन

Q. ~~क्या चु~~ एक समान चु० क्षेत्र में रखी किसी चु० सुई पर बलाघुर्ण तो लगता लेकिन बल नहीं लगता लेकिन एक छड़ चुम्बक के पास लौह कि किल रखने पर बल व बलाघुर्ण दोनो लगते हैं क्यों ?

Q. एक टोरोइड में चु० क्षेत्र पुर्णतयः क्रोड के अंदर रहता है पर परिनालिका मे ऐसा नही होता क्यो ?

Q. गतिमान आवेशो के कारण ~~क्या~~ चु० क्षेत्र उत्पन्न होते हैं क्या कोई ऐसी प्रणाली है जिसका चु० आघुर्ण होगा पर नेट आवेश शून्य हो

Q किसी स्थान के चु० याम्योत्तर में पृथ्वी के चु० क्षेत्र का का क्षैतिज अव्यव 0.26 गाउस है तथा नति कोण 60° है तो इस स्थान पर पृथ्वी के चु० क्षेत्र का मान ज्ञात करो।

Ans. एक समान चु० क्षेत्र में रखी चु० सुई पर कोई बल नही लगता क्योंकि इसके दोनो सिरो पर

$[1T = 10^4 G]$

लगने वाले बल परिमाण में समान व दिशा में विपरित होते है इस कारण परिणामी बल का मान शून्य प्राप्त होता है। लेकिन छड़ के समीप कील को रखने पर छड़ के चु० क्षैत्र के कारण कील पर बल लगाता है तथा बलाघुर्ण दोनो ही स्थितियो मे लगाता है।

Ans. 2. क्योकि टोरोइड का प्रारंभिक व अंतिम सिरा एक ही होता है इस कारण चु० क्षैत्र केवल टोरोइड के भीतर ही होता है। लेकिन परिनलिका के दोनो सिरे अलग-2 होने के कारण इसमे ऐसा नही होता।

Ans. 3. अनुचुम्बकीय पदार्थो मे नेट आवेश का मान शून्य होता है लेकिन फिर भी चु० क्षैत्र कि उपस्थिति मे इनपर परिणामी चु० आघुर्ण कार्यरत होता है।

Ans. 4. $B_H = 0.26 G$

$B_H = 0.26 \times 10^{-4} T$

$\theta = 60°, \quad B = ?$

Sol^n $B_H = B\cos\theta$

$B = \frac{B_H}{\cos\theta} = \frac{0.26 \times 10^{-4}}{\cos 60°}$

$B = \frac{0.26 \times 10^{-4}}{1/2}$

$B = 0.52 \times 10^{-4} T$

Eg. 12. $T_C = 300K$

$T = 420K, \chi = 0.4$

$C = ?$

Sol^n $\chi = \frac{C}{T - T_C}$

$0.4 = \frac{C}{420 - 300}$

$C = 0.4 \times 120$

$C = 48K$

अभ्यास, द -

7. $Wb \times A/m$

$= \phi \times H =$

$= [M^1 L^2 T^{-2} A^{-1}][A^1 L^{-1}]$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

$= [M^1 L^1 T^{-2}]$

$= N$

आंकि०

Q.9. $\mu_r = 1 + \chi$

$\frac{\mu}{\mu_0} = 1 + \chi$

Q.11. $\frac{B\sin\theta}{B\cos\theta} = \frac{1}{\sqrt{3}}$

$\tan\theta = \frac{1}{\sqrt{3}}$

$\theta = \tan^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right)$

$\theta = 30^\circ$

Q.14. $B\sin\theta = B\cos\theta$

$\frac{\sin\theta}{\cos\theta} = 1$

$\tan\theta = 1$

$\theta = 45^\circ$

लघुत्तरात्मक.

Q. $U = -mB[\cos\theta_2 - \cos\theta_1]$

$U = -mB[\cos 90 - \cos 0^\circ]$

$U = +MB$

12. $B_{\text{छड़}} = \frac{2\mu_0 M}{4\pi r^3}$ — ①

$B_{\text{परिनालिका}} = \mu_0 n I$ — ②

A.Q.

Q.2. $B_H = 0.5 \times 10^{-4}\, wb/m^2$

$\theta = 45^\circ, B_V = ?$

Sol'' $B_H = B\cos\theta$

$B = \frac{B_H}{\cos\theta} = \frac{0.5\times10^{-4}}{\cos 45^\circ}$

$B = 0.5\sqrt{2} \times 10^{-4}\, T$

$\because B_V = B\sin\theta$

$B_V = 0.5\sqrt{2} \times 10^{-4} \times \sin 45^\circ$

$B_V = 0.5\sqrt{2} \times 10^{-4} \times \frac{1}{\sqrt{2}} \times$ ~~0.5×10^{-4}~~

~~$B_V = 0.25 \times 10^{-8}\, T$~~

$\boxed{B_V = 5\times10^{-5}\, wb/m^2}$

A. Q.8. $T_C = 300K, T = 450K$

$\chi = 0.6, C = ?$

$\chi = \frac{C}{T - T_C}$

$0.6 = \frac{C}{450 - 300}$

$0.6 = \frac{C}{150}$

$90.0 = C$

$\boxed{C = 90K}$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

Date ____ Page ____

A.Q. 7. $M = 0.6 Kg$, $D = 7.8 \times 10^3 Kg/m^3$

$n = 50 Hz$, $A = 0.722 m^2$

Solu. शैथिल्य ऊर्जा हानि –

$W = (B-H)$ वक्र का क्षेत्र$\times nVt$ —①

$\because D = \frac{M}{V}$ से

$V = \frac{m}{D} = \frac{0.6}{7.8 \times 10^3}$

$V =$

$W = 0.722 \times 50 \times \frac{0.6}{7.8 \times 10^3} \times 1$

$w = \frac{0.722 \times 5 \times 10^{-2}}{13}$



Q. 12.

$\tau = MB\sin\theta$ से

$\theta = 90°$

$\sin 90° = 1$

$\tau = MB$ —①

$\because M = IA$

$M = I \times \frac{\sqrt{3}}{4} l^2$

समी. ① से

$\tau = \frac{\sqrt{3}}{4} I l^2 \times B$

$l^2 = \frac{4\tau}{\sqrt{3} I B}$

$l = \left[\frac{4\tau}{\sqrt{3} I B}\right]^{\frac{1}{2}}$

Q. 6. $B_H = 0.25 G$

$\theta = 60°$, $B_V = ?$, $B = ?$

$B_H = 0.25 \times 10^{-4} T$

$B_H = B\cos\theta$

$B = \frac{B_H}{\cos\theta} = \frac{0.25 \times 10^{-4}}{\cos 60°}$

$= \frac{0.25 \times 10^{-4}}{1/2}$

$= 0.25 \times 10^{-4} \times 2$

$B = .50 \times 10^{-4}$

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini

Q. एक टोरोइड में चु० क्षेत्र पूर्णतः क्रोड के भीतर होता है लेकिन परिनलिका में ऐसा नहीं होता क्यों?

Q. क्या दक्षिण भारत में किसी स्थान पर नतिकोण का मान 18° है तो ब्रिटेन में आप इससे अधिक नतिकोण कि अपेक्षा करेंगे या कम की कारण सहित बताइयें।

Q. यदि आप आस्ट्रेलियाँ मे शहर में चु० क्षेत्र रेखाओं का नक्शा बना है तो ये रेखायें पृथ्वी के अंदर जाएगी या बाहर आयेगी कारण सहित बताइयें?

Q. पृथ्वी की क्रोड में लोहा है ये ज्ञात होते हुए भी भूगर्भ शास्त्री इसे पृथ्वी के चु० क्षेत्र का स्त्रोत नही मानते क्यों?

Q. अन्तरातारकिय अंतरिक्ष में 10^{-12} T की कोटिका बहुत दुर्बल क्षेत्र होता है क्या यह दुर्बल चु० क्षेत्र भी कुछ प्रभावी परिणाम दिखा सकता है।

whatsapp (notes) - 8696608541 sbistudy.com
om prakash saini